**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 04.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **निर्वाचन आयोग ने सरकारी कर्मियों के डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाने संबंधी भ्रामक संदेश को बताया फर्जी, जागरूक और सतर्क रहने की दी सलाह।**
2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, दुमका जिला मुख्यालय में संताल परगना के छह जिलों में चुनावी तैयारी की कर रहे समीक्षा।**
3. **भूमि घोटाला मामले में पीएमएलए की विशेष अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की ओर से दायर अभियोजन शिकायत पर लिया संज्ञान, चार और लोगों को दिया समन।**
4. **गिरिडीह पुलिस ने महारानी बस में सवार तीन लोगों से एक करोड़ 9 लाख 50 हजार रुपए किये जब्त, अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में पुलिस को सख्ती बरतने का दिया निर्देश।**
5. **आज मनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस, खदान संबंधी गतिविधियों, खतरों और उनसे बचने के उपायों पर जागरूकता लाने की दी जा रही जानकारी।**

************************

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर फैलाये जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया है जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरुक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है।

************************

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **के. रवि कुमार** दुमका जिला मुख्यालय में संताल परगना के छह जिलों दुमका, देवघर, पाकुड़ साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा जिले में तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अमोल वेणुकांत होमकर, सीआरपीएफ में पुलिस महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक इंद्रजीत महता समेत कई पदाधिकारी सभी छह जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से चुनाव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ले रहे हैं।

************************

विशेष पीएमएलए कोर्ट ने भूमि घोटाला मामले में पीएमएलए के तहत झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया है। बता दें कि बडगाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर ईडी के विशेष न्यायाधीश ने संज्ञान लिया है। इस मामले में अदालत ने आर्किटेक बिनोद सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को समन जारी किया है। गौरतलब है कि 30 मार्च 2024 को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप एवं राजकुमार पाहन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

************************

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए स्वयंसेवकों को नियुक्त किया जायेगा।

************************

गिरिडीह जिले की पुलिस ने आज गया से कोलकाता जाने वाली महारानी बस से 1 करोड़ 9 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए हैं। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि बस में कुछ लोग काफी रूपये ले जा रहे हैं। बगोदर थाना पुलिस ने औरा के पास बस में जांच की और तीन लोगों को पकड़ा गया। इनमें दो लोगों के पास से करीब सड़सठ लाख और एक अन्य व्यक्ति के पास करीब 42 लाख पचास हजार रुपये बरामद किया गया। पैसे के संबंध में तीनों से पूछताछ कि जा रही है। एसपी ने बताया कि आयकर विभाग को इसकी सूचना दी गई हैं। तीनों गया के रहने वाले हैं।

इधर झारखंड पुलिस ने आचार संहिता लागू होने से अब तक राज्य के अलग–अलग जिलों में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो करोड़ बीस लाख रुपये बरामद किये हैं। आचार संहिता के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा कैश मिलने पर इसके स्रोत की जानकारी पूछी जायेगी। अगर 10 लाख से अधिक कैश होगा तो यह आयकर विभाग की जांच के दायरे में आयेगा।

************************

बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा ने कल रात धनबाद जिले के बंगाल–झारखंड के बॉर्डर स्थित मैथन, चिरकुंडा और पंचेत इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को अंतरराज्यीय सीमा पर कानून व्यवस्था बनाये रखने और अवैध सामग्री के परिवहन पर रोकथाम लगाने को कहा।

************************

लोकतंत्र के महापर्व में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से कई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय से आज चुनाव से जुड़ी सारी जानकारी लिए **आई भाई मैस्कॉट** लांच किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने समाहरणालय परिसर में मैस्कॉट को लॉन्च करते हुए लोगों को स्वच्छ और निर्भीक मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा झुमरी तिलैया में स्वीप कोषांग के तहत **आई एम वेरीफाइड वोटर** का कैंपेन भी चलाया गया।

***********************

आज अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। खदान, लैंड माइंस संबंधी गतिविधियों, मानवता के लिए इनके खतरों और उनसे बचने के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष चार अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय खदान जगरूकता दिवस का विषय है– **जीवन संरक्षण, शांति निर्माण।** इस संबंध में बारूदी विस्फोटों से पीड़ित लोगों और दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान देना है।

***********************

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की उड़न दस्ता टीम ने साकची में तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। विशेष पदाधिकारी अरविंद तिर्की के नेतृत्व में टीम ने दुकानों के आगे रखे सामानों, पोस्टर –बैनर आदि को जब्त किया। साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 500 से लेकर 4000 रूपये तक का जुर्माना भी वसूला।

***********************

चतरा जिले में अफीम और ब्राउन शुगर के व्यापार की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रहा है। जिले में नशे के कारोबार के विरुद्ध पिछले 5 वर्षों में अब तक तीन सौ अंठानबे से ज्यादा केस दर्ज किए गये हैं।

***********************

## संक्षिप्त खबरें

- गोड्डा जिले में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कल देर शाम बसंतराय थाना क्षेत्र की राहा पंचायत क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी मात्रा में जावा महुआ एवं अवैध देसी शराब जब्त की।
- सरायकेला–खरसावां जिले में कला–संस्कृति, खेलकूद तथा पर्यटन विभाग की ओर से राजकीय **चैत्र पर्व छऊ महोत्सव 2024** का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में छऊ नृत्य तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आठ दिनों तक चलने वाले इस समारोह में कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी।
- पाकुड़ में अवैध रूप से साइकिल से कोयला की ढुलाई करने वालों से पैसे उगाही करने वाले सिपाही इम्तियाज आलम को पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने निलंबित कर दिया है।

***********************

गर्मी बढ़ने के साथ ही चतरा जिले में पीने के पानी का सबसे बड़ा स्रोत हेरू डैम का जलस्तर नीचे जाने लगा है। अभी जिलेवासियों को भेड़ी फार्म डैम से पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिले में पिछले वर्ष सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई थी। पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि भेड़ी फार्म डैम से मई तक जिले को पेयजल की आपूर्ति की जा सकती है। इसके अलावा हैंड पंपों की मरम्मत तेजी से करा रहा हैं।

*********** **समाप्त** ***********